हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 4 जुलाई 2026

06 अयोध्या संतों की नगरी, मंदिरों पर चंद संगठनों का...



07 अब बारिश में बंद नहीं होगा रास्ता, 18 करोड़ से ...





## खबर संक्षेप

### सीवरेज चैंबर के बाजू में डंपर का पहिया धंसा

**खुरई।** नगर में सीवरेज परियोजना का काम चल रहा है। बारिश होने की वजह से मिट्टी गीली होकर बैठक ले रही है। जिससे सड़क धंसने और वाहनों के फंसने की घटनाएं हो रही हैं। बुधवार को दोपहर में राजीव गांधी चौराहा के आगे डंपर का पहिया सीवरेज चैम्बर के बाजू में जाकर फंस गया। जिसे निकालने के लिए मशक्कत करनी पड़ी, इस दौरान ट्रैफिक भी बाधित हुआ।

### दूरसंचार उपभोक्ताओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम आज

**रहली।** नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (एन.सी.एच.एस.ई.), जो भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई), नई दिल्ली द्वारा मध्य प्रदेश में कंज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप (सीएजी) के रूप में पंजीकृत है। ट्राई के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र की जनता को दूरसंचार एवं केवल नेटवर्क के क्षेत्र में हुए परिवर्तनों एवं निर्देशों से अवगत कराने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन 4 जुलाई को संदीपनी शा. उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, रहली में दोपहर 1 से 3 बजे तक आयोजित करने जा रही है। जिसमें दूरसंचार उपभोक्ताओं (मोबाइल उपयोग कर्ताओं) को ट्राई के द्वारा उपभोक्ता हित में बनाये गये दिशा निर्देशो, नियमों, विनियमों के बारे में, जिससे सेवाप्रदाताओं (बीएस एन एल, जिओ, एयरटेल, वोडाफ़ोन-आईडिया) द्वारा उपभोक्ताओं को अच्छी एवं पारदर्शी सेवा उपलब्ध हो सके, विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी एवं साथ ही साथ सेवा गुणवत्ता, शिकायत निवारण, साइबर हाइजीन एवं अवांछित व्यवसायिक संचार के बारे में जागरूक किया जायेगा।

### सागर ग्रामीण क्रमांक 2 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आवेदन आमंत्रित

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश अंतर्गत सागर जिले की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित, मानसेवी रिक्त पदों हेतु पात्र महिलाओं के आवेदन आमंत्रित किए हैं। कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण क्रमांक 02 में आंगनवाड़ी केन्द्र पामाखेड़ी 116, किशनपुरा, विदवांस 520, बम्हौरीबीका 102, पथरिया जाट 418 में कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र आवेदक एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार किए गए चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 13 जुलाई निर्धारित की गई है एवं आवेदनों में 15 जुलाई तक संशोधन किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**सागर।** जिला दण्डाधिकारी ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए दो आदतन अपराधियों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर आपराधिक गतिविधियां में लिप्त राज पिता कपिल पंथी उम्र 21 साल निवासी बिलगैया वार्ड बीना जिला सागर को 02 माह एवं यश उर्फ यशवंत उर्फ गोलू पिता भगवानदास कोरी उम्र 24 साल निवासी इतवारी टोरी चंद्रशेखर वार्ड थाना मोतीनगर जिला सागर को 07 माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। उनके विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो वह नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेंगे। परन्तु इसके पूर्व अनावेदकों को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दण्डाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

### जूडा का प्रदर्शन, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पर प्रकरण दर्ज

# बीजेपी नेता पर लेडी डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ को बैड टच और गोली मारने की धमकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर





मध्यप्रदेश के सागर के शासकीय बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में बीजेपी नेता अनिल श्रीवास्तव पर महिला स्टाफ से बदसलूकी का आरोप लगा है। बीजेपी नेता पर लेडी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ को बैड टच करने और गोली मारने की धमकी देने का आरोप है। विरोध में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ ने काम बंद कर अस्पताल के मुख्य गेट पर चक्काजाम कर दिया।डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ ने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल श्रीवास्तव की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और बीएमसी प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन के कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।

**क्या है पूरा मामला:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 2 बजे लक्ष्मी तिवारी नाम की एक मरीज को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज लाया गया था। मरीज के अस्पताल पहुँचने से पहले ही इलाज को लेकर फोन आने शुरू हो गए थे। महिला स्टाफ रिचा लाल का आरोप है कि मरीज के साथ आए दो लोगों ने इलाज के दौरान अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने धमकी दी। रिचा लाल ने यह भी गंभीर आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने उन्हें 'बैड टच' (छेड़छाड़) किया और अस्पताल के बाहर देखने पर गोली मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार, धमकी देने वाला व्यक्ति भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल श्रीवास्तव (अनिल पीपरा) है। उसे केंद्रीय जेल सागर की जेल समिति का सदस्य भी हाल ही में बनाया गया है।

स्टाफ का कहना है कि घटना की सूचना रात में ही पुलिस और बीएमसी प्रबंधन को दे दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुँची भी, लेकिन उससे पहले ही अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने मरीज और उसके साथ आए लोगों को बाहर भेज दिया। आरोप है कि पुलिस बिना कोई ठोस कार्रवाई किए वापस लौट गई। शुक्रवार सुबह डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने काम बंद कर दिया और अस्पताल के मुख्य गेट पर चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी भाजपा नेता अनिल श्रीवास्तव की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की माँग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और बीएमसी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुँचे।

बीएमसी के जूडा अध्यक्ष डॉ. व्योमकृष्ण तिवारी ने कहा कि अस्पताल में तैनात महिला स्टाफ खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। उन्होंने प्रशासन के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं: अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और पर्याप्त सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि ये माँगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो इस आंदोलन को प्रदेश स्तर पर व्यापक रूप से चलाया जाएगा।भाजपा नेता का पक्षः दूसरी तरफ, आरोपी भाजपा नेता ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया है। उनका दावा है कि उन्होंने किसी भी डॉक्टर या महिला स्टाफ से किसी भी प्रकार की अभद्रता नहीं की है। उन्होंने कहा कि अगर वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं तो उनकी निष्पक्ष जाँच करा ली जाए, जिससे पूरी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि इलाज के दौरान बीएमसी स्टाफ से अभद्रता और छेड़छाड़ करने के संबंध में शिकायत मिली है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिल श्रीवास्तव और लक्ष्मी तिवारी के खिलाफ गोपालगंज थाने में छेड़छाड़ और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन के उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद डॉक्टरों को शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है।



## सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत सांची डेयरी द्वारा बाइक रैली का आयोजन

**सागर।** सहकारिता सप्ताह के अवसर पर बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर (सांची डेयरी) द्वारा सहकारिता के सिद्धांतों एवं दुग्ध सहकारिता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ संघ के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सहकारिता के मूल मंत्र सहकार से समृद्धि को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। बाइक रैली में सांची डेयरी के अधिकारी, कर्मचारी, दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहाँ प्रतिभागियों ने सहकारिता, दुग्ध उत्पादन, किसानों के सशक्तिकरण एवं स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादों के उपयोग का संदेश आमजन तक पहुँचाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों की आर्थिक उन्नति, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम है। सांची डेयरी अपने दुग्ध उत्पादकों के हितों की रक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, दुग्ध उत्पादक समितियों एवं सभी प्रतिभागियों का सराहनीय योगदान रहा।

## नगरपालिका मकरोनिया में वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर नगरपालिका मकरोनिया में वर्षा पूर्व तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी मानसून के दृष्टिगत शहर में जलभराव की समस्या से निपटने हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में सभी बड़े-छोटे नालों का सीमांकन तत्काल पूर्ण कर सफाई कार्य करने, नालों पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित कर नियमानुसार हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए ताकि पानी का बहाव बाधित न हो। बैठक में निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में स्थित जीर्ण-शीर्ण एवं जर्जर भवनों का सर्वे किया जाए, ऐसे भवनों को खाली कराने हेतु भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए जाएं, जिससे वर्षाकाल में किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके। सभी शासकीय भवनों, अस्पतालों, स्कूलों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की जांच की जाए।

## अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों से स्वरोजगार योजनाओं में आवेदन आमंत्रित

**सागर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मंदाकिनी पाण्डे ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के लिए शासन द्वारा संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित पात्रता के अनुसार आवेदन कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत सेवा व्यवसाय के लिए 1 लाख से 25 लाख रुपये तथा उद्योग एवं विनिर्माण कार्यों के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपये तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध है। इस योजना में 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान, अधिकतम 7 वर्ष तक ऋण गारंटी शुल्क का भुगतान शासन द्वारा किया जाएगा। योजना के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 45 वर्ष निर्धारित है। वहीं, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक की स्वरोजगार परियोजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना में शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं है तथा 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान एवं अधिकतम 7 वर्ष तक ऋण गारंटी शुल्क का भुगतान शासन द्वारा किया जाएगा। दोनों योजनाओं के लिए पात्र आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।




## एसबीआई मकरोनिया द्वारा पौधरोपण एवं स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया

**सागर।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस 1 जुलाई को स्थानीय इंदिरा गांधी शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सागर के आवासीय परिसर के सम्मुख विद्या वन -2 में भारतीय स्टेट बैंक मकरोनिया के सौजन्य से फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक सागर के क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, मकरोनिया शाखा प्रबंधक अजय कुमार तिवारी, महाविद्यालय के सभी विभागों के एच ओ डी, अन्य प्रोफेसर गण, महाविद्यालय के अन्य लोकसेवकों सहित स्टेट बैंक सागर से पधारे अन्य अधिकारीगण व सहयोगी शामिल रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर मकरोनिया शाखा के द्वारा ग्राहकों के लिए फ्री हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन शाखा परिसर में किया गया। शाखा प्रबंधक अजय कुमार तिवारी के ने बताया के इस कैंप में बंसल हॉस्पिटल सागर से डॉ स्निग्धा सुप्रिया राव मैडम एवं अन्य मेडिकल स्टाफ के सहयोग से ग्राहकों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई। आगे भी ऐसे कैंप आयोजित किये जाते रहेंगे।

## 71 वर्षों से सतत रामायण पाठ समाज की आस्था और संस्कृति का प्रतीकः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पंतनगर वार्ड स्थित कोरी समाज के सत्संग भवन में आदर्श कोरी समाज संगठन द्वारा श्री आनंद रामायण मंडल की 71वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रामायण पाठ महोत्सव एवं कन्या भोज-भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीराम के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हुए रामायण पाठ किया तथा मंडल के सभी सदस्यों को 71वीं वर्षगांठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि किसी भी अच्छे और धार्मिक कार्य की वास्तविक सार्थकता उसके निरंतर संचालन में होती है। श्री आनंद रामायण मंडल द्वारा पिछले 71 वर्षों से निरंतर रामायण पाठ एवं धार्मिक आयोजनों की परंपरा का निर्वहन किया जाना समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं।

उन्होंने मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से चली आ रही यह परंपरा समाज में धार्मिक चेतना, सेवा और संस्कारों का संदेश दे रही है। कन्या भोज जैसे आयोजन हमारी संस्कृति में नारी सम्मान और सेवा भावना के प्रतीक हैं।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, शारदा कोरी, दीपक दुबे, नितिन सोनी सहित श्री आनंद रामायण मंडल के सभी सदस्य, समाजजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कन्या पूजन एवं भंडारे के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में 'दीक्षारंभ एवं प्रवेश उत्सव' का आगाज

# महाविद्यालय सिर्फ डिग्री का केंद्र नहीं बल्कि समग्र व्यक्तित्व निर्माण का आधार : प्राचार्य सरोज गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय 'दीक्षारंभ एवं प्रवेश उत्सव' का अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस त्रिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवागंतुक छात्र-छात्राओं को कॉलेज के शैक्षणिक माहौल, संकायों, पाठ्यक्रमों, छात्रहितकारी योजनाओं और सहशैक्षणिक गतिविधियों से रूबरू कराना है, ताकि वे कॉलेज जीवन में सहजता से ढल सकें। इस गरिमापूर्ण आयोजन की कमान कार्यक्रम संयोजक डॉ. अभिलाषा जैन संभाल रही हैं। नवे शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस महाविद्यालय पहुँचने पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत बेहद अनूठे और भारतीय परंपरा के अनुसार किया गया। कॉलेज परिसर में कदम रखते ही सीनियर प्राध्यापकों और शैक्षणिक स्टाफ ने नए छात्र-छात्राओं का रोली-चंदन का तिलक लगाकर और आत्मीय अभिनंदन कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान मंच के समक्ष कतारबद्ध खड़े नवआगंतुक छात्र एवं छात्राओं को प्रोफेसरों द्वारा तिलक लगाकर नए कॉलेज जीवन की सफल शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस आत्मीय स्वागत से नवागंतुक विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। प्रथम दिवस के सत्र का प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय केवल डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, बौद्धिक विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों के संवर्धन का सबसे बड़ा केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, कड़े अनुशासन और समयबद्धता का पालन करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज का जागरूक विद्यार्थी ही भविष्य का जिम्मेदार नागरिक है, इसलिए ज्ञान के साथ-साथ चरित्र निर्माण और सामाजिक संवेदनशीलता भी अनिवार्य है।

शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विभिन्न संकायों के प्रभारियों ने विद्यार्थियों को करियर के प्रभावी मंत्र दिए। कला संकाय प्रभारी डॉ. विनय कुमार शर्मा ने कला संकाय के विषयों, रोजगारोन्मुखी अवसरों और प्रशासनिक सेवाओं में इसकी महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि यह संकाय विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक दृष्टि और सामाजिक चेतना का विकास करता है। वहीं वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉ. अमर कुमार जैन ने बदलते आर्थिक परिवेश में वाणिज्य शिक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीए, सीएस, बैंकिंग, कॉर्पोरेट सेक्टर और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर दिया। इसी क्रम में विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ. गोपा जैन ने प्रयोगशाला सुविधाओं और अनुसंधान की संभावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि विज्ञान विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक चिंतन विकसित करता है, जिससे आईटी, बायोटेक और चिकित्सा क्षेत्र में स्वर्णिम भविष्य बनाया जा सकता है।

संकाय गाइडेंस के बाद छात्र-छात्राओं को कॉलेज की व्यवस्थाओं और सुविधाओं से परिचित कराया गया। छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. अनुरोध चढ़ार ने शासकीय छात्रवृत्ति योजनाओं, पात्रता और ऑनलाइन आवेदन की बारीकियों को समझाते हुए विद्यार्थियों से समय पर आवेदन करने तथा अपने दस्तावेजों को अपडेट रखने की अपील की।



## वृंदावन अहिरवार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ऑडिटोरियम निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की

**सागर।** नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आडिटोरियम निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की है। निगम अध्यक्ष ने ज्ञापन में लेख किया है कि शासन योजना अंतर्गत प्राप्त अनुदान राशि से ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाना हैं। भाग्योदय खुरई रोड के आस पास अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र हैं, इसके आसपास कोई भी शासकीय ऑडिटोरियम या अन्य भवन भी नहीं हैं। जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को शादी विवाह एवं अन्य कार्यकम हेतु परेशान होना पड़ता है।संतकवरराम वार्ड में खसरा नं. 222 में क्षतिग्रस्त गोदाम मध्यप्रदेश बीज डायरेक्टर इंडस्ट्रीज इंदौर के नाम आवंटित हैं जिसका वर्तमान में कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है तथा भवन जीर्णशीर्णध्जर्जर स्थिति में हैं। जिसके गिरने से कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती हैं। उक्त भूमि ऑडिटोरियम निर्माण के लिए नगर पालिक निगम सागर को आवश्यकता हैं। अतः ऑडिटोरियम निर्माण हेतु आवंटित करने का कष्ट करें।निगम अध्यक्ष ने बताया कि विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए शासन से दो आडिटोरियम निर्माण हेतु 16 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कराई है जिसमें से तिली चैराहा पर एक आडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा है। अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड तुलसी नगर, विठ्ठल नगर, संत रविदास वार्ड, भगतसिंह वार्ड सहित आसपास के वार्डों के नागरिकों को सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कोई भी उपयुक्त स्थान नहीं है इसलिए संतकंवरराम वार्ड की जगह अगर नगर निगम को आवंटित कर दी जाती है तो अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड के साथ ही आसपास के वार्ड के नागरिकों को 8 करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त आडिटोरियम निर्माण किया जा सकता है।

## राम मंदिर से लेकर नीट और जमीन घोटाले तक कांग्रेस का सरकार पर हमला

# अयोध्या संतों की नगरी, मंदिरों पर चंद संगठनों का कब्जा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कांग्रेस ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए राम मंदिर चंदा प्रकरण, नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, उज्जैन भूमि खरीद मामले और जिले की कानून-व्यवस्था को लेकर तीखे आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरते हुए निष्पक्ष जांच, जवाबदेही और कार्रवाई की मांग की। प्रेस वार्ता के दौरान कई राजनीतिक आरोप लगाए गए, जिन पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस के जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूनम जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे देशभर के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा से जुड़े मामलों में अब तक दोषियों के विरुद्ध अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने राम मंदिर चंदा प्रकरण का उल्लेख करते हुए भी भाजपा सरकार पर सवाल उठाए और कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चंदे के उपयोग को लेकर पारदर्शिता होनी चाहिए। प्रेस वार्ता में विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि अयोध्या संतों की नगरी है, लेकिन भाजपा की रणनीति के तहत मंदिरों पर चंद संगठनों का प्रभाव बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रीराम मंदिर के संचालन में संत समाज की भूमिका सीमित कर दी गई है और चंद संगठन प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। विधायक यादवेन्द्र सिंह ने यह भी दावा किया कि देश के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी इसी तरह की स्थिति बनाई जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उज्जैन में कथित 350 एकड़ भूमि खरीद के मामले में जवाब मांगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मामला सार्वजनिक होने के बाद भी सरकार ने स्थिति स्पष्ट नहीं की है। कांग्रेस ने इस मामले में नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग भी दोहराई। कांग्रेस नेताओं ने जिले की कानून-व्यवस्था पर भी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं है और आम लोगों को न्याय मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस महासचिव संजय नायक, सूर्य प्रकाश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष अनीस अहमद, नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. इसरार मोहम्मद, जब्बार खान सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कई स्कूल मिले तालाबंद, कार्रवाई के लिए बीईओ को भेजा प्रतिवेदन

## बीआरसी के निरीक्षण में खुली शिक्षा व्यवस्था की पोल, 23 शिक्षक मिले अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए विकासखंड संसाधन समन्वयक बीआरसी पुष्पेंद्र कुमार पाठक द्वारा किए जा रहे लगातार औचक निरीक्षणों में गंभीर लापरवाही सामने आई है। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों के मुख्य द्वार पर ताले लटके मिले, जबकि अनेक स्कूलों में पदस्थ शिक्षक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। मामले को गंभीर मानते हुए बीआरसी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी अक्षिता शर्मा को विस्तृत प्रतिवेदन भेजकर संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की अनुशंसा की है।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कुल 23 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिले। स्कूलों में शिक्षकों की गैरहाजिरी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती पाई गई, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीआरसी द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन के अनुसार अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों में लोकेंद्र सिंह राय माध्यमिक शाला बन्ने बुजुर्ग, मातादीन यादव (प्राथमिक शाला धुबियात इटायली), सुनीता अहिरवार एवं गोरेलाल अहिरवार (प्राथमिक शाला रतवास), माया अहिरवार (प्राथमिक शाला कछियात इटायली), सुप्रिया शर्मा एवं देवेंद्र राजपूत (ईपीएस मबई), छोटेलाल अहिरवार (प्राथमिक धुबियात इटायली), उमेश नगाईच (प्राथमिक आदिवासी बस्ती सिमरा खुर्द), दुर्गा प्रसाद अहिरवार एवं केसर राजपूत (प्राथमिक शाला ढगर बराना), निरपेंद्र तिवारी, सुमन नायक, संगीता निरंजन, जमुना प्रसाद अहिरवार एवं भाषा तिवारी (माध्यमिक शाला कनेरा), रमाकांत दुबे एवं वंदना सिंह (प्राथमिक शाला खाट का मजरा), मनीष कुमार अहिरवार, श्रद्धा भार्गव एवं विशाल सिंह यादव (काकनपुरा), तथा रामगोपाल कुशवाहा एवं ममता कसगर (प्राथमिक शाला खुशीपुरा सगरवारा) शामिल हैं। बीआरसी पुष्पेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि विद्यालयों में नियमित निरीक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की जवाबदेही तय करना और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय समय पर संचालित हों और शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहें, यह सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। उधर, शिक्षा विभाग ने अनुपस्थित पाए गए 23 शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संबंधित शिक्षकों का वेतन काटने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

लगातार हो रहे औचक निरीक्षणों से क्षेत्र के ग्रामीणों में संतोष का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह नियमित निगरानी जारी रही तो सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार आएगा और विद्यार्थियों को समय पर पढ़ाई का लाभ मिल सकेगा।

### कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण कर लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

## प्रत्येक प्रकरण में हो निष्पक्ष, वैज्ञानिक पर समयबद्ध विवेचना: एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने शुक्रवार को थाना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की प्रशासनिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं, अपराध नियंत्रण की स्थिति, विवेचना कार्यों, अभिलेखों के संधारण तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कार्यकुशलता बढ़ाने और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत थाना कोतवाली के पुलिस गार्ड द्वारा दी गई औपचारिक सलामी से हुई। सलामी ग्रहण करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने गार्ड का निरीक्षण किया तथा उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले चयनित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने थाना भवन, कार्यालयीन व्यवस्थाओं, रोजनामचा, विवेचना कक्ष, अभिलेख प्रबंधन प्रणाली, सीसीटीएनएस संचालन, कंप्यूटर संसाधनों के उपयोग, मालखाना, शस्त्रागार, सुरक्षा व्यवस्था, आगंतुक कक्ष, पेयजल सहित अन्य नागरिक सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान लंबित अपराध, मर्ग, चालान, खात्मा एवं खारिज प्रकरणों की प्रकरणवार और विवेचकवार समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने गंभीर एवं लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए विवेचनाओं में वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष कार्यप्रणाली अपनाने पर बल दिया। उन्होंने गुंडा एवं निगरानी सूची में शामिल व्यक्तियों, जेल से रिहा अपराधियों की गतिविधियों तथा असामाजिक तत्वों पर रखी जा रही निगरानी की भी समीक्षा की। साथ ही थाना अभिलेखों एवं विभिन्न रजिस्टरों की जांच कर रिकॉर्ड को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाए रखने के निर्देश दिए।

## शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए शासन लगातार नई योजनाएं लागू कर रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ शिक्षकों की लापरवाही शासन के इन प्रयासों पर पानी फेरती नजर आ रही है। विकासखंड टीकमगढ़ के संकुल केंद्र बुड़ेरा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिकौली में शुक्रवार को ऐसा ही मामला सामने आया, जहां निर्धारित समय पर न तो प्राचार्य पहुंचे और न ही शिक्षक। परिणामस्वरूप विद्यालय समय पर नहीं खुल सका और छात्र-छात्राओं को स्कूल परिसर के बाहर इंतजार करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों का निर्धारित समय सुबह साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक है, लेकिन कई विद्यालयों में शिक्षक समय पर नहीं पहुंचते। आरोप है कि कई बार स्कूल तब खुलते हैं, जब कुछ शिक्षक दोपहर तक विद्यालय पहुंचते हैं। इससे बच्चो की नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

**समय पर नहीं खुल रहे सरकारी स्कूल, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी**




ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालयों में प्राचार्य और शिक्षकों के बीच आपसी तालमेल के चलते अक्सर एक शिक्षक को स्कूल खोलने भेज दिया जाता है, जबकि अन्य शिक्षक देर से पहुंचते हैं। कई मामलों में विद्यालय समय से पहले ही बंद कर दिए जाते हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का शैक्षणिक स्तर लगातार गिर रहा है। कई छात्र-छात्राएं न तो हिंदी और अंग्रेजी सही ढंग से पढ़ पा रहे हैं और न ही गणित के सामान्य प्रश्न हल कर पा रहे हैं। यही कारण है कि अभिभावक मजबूरी में अपने बच्चों का प्रवेश निजी विद्यालयों में कराने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन विद्यार्थियों को गणवेश, निशुल्क पाठ्यपुस्तकें, साइकिल, छात्रवृत्ति और मध्यान्ह भोजन जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, लेकिन यदि विद्यालय समय पर संचालित ही नहीं होंगे और शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहेंगे तो इन योजनाओं का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कराया जाए तथा समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने वाले शिक्षकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

## इस्कॉन का लगातार चौथा आयोजन, भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा



**टीकमगढ़।** नगर में 24 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन द्वारा लगातार चौथी बार आयोजित होने जा रहे इस धार्मिक महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति ने रथयात्रा की तैयारियों, मार्ग और धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। आयोजन समिति ने बताया कि इस वर्ष भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विशेष प्रतिमाएं सीधे जगन्नाथपुरी से टीकमगढ़ लाई जा रही हैं। वहीं, यात्रा को और अधिक आकर्षक एवं दिव्य स्वरूप देने के लिए इस्कॉन मंदिर उज्जैन से आधुनिक हाइड्रोलिक रथ तथा संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की प्रतिमा भी विशेष रूप से मंगवाई जा रही है। रथयात्रा 24 जुलाई को दोपहर 3 बजे ब्राह्मण कॉलोनी स्थित जागेश्वर धाम मंदिर से प्रारंभ होगी। उक्त भव्य रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों अस्पताल चौराहा, सिविल लाइन रोड, मिश्रा तिराहा, लोकमान्य चौराहा, नजाई बाजार, कटरा बाजार, हवेली रोड, ताल दरवाजा, पपौरा चौराहा और स्टेट बैंक होते हुए नजरबाग मंदिर पहुंचेगी। रथयात्रा के संपूर्ण मार्ग में श्रद्धालुजनो द्वारा भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन और पुष्पवर्षा के साथ भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया जायेगा। रथयात्रा के समापन पर नजरबाग मंदिर में भगवान जगन्नाथ की भव्य महाआरती एवं संकीर्तन का आयोजन होगा। इसके बाद भगवान को परंपरानुसार 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग अर्पित किया जाएगा और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। समिति के अनुसार यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बनेगा।

**जगन्नाथपुरी से आएंगी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की प्रतिमाएं, उज्जैन से आएगा आधुनिक हाइड्रोलिक रथ**

## सतर्क रहें, सुरक्षित रहें साइबर ठगी से बचाव का एसपी ने दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम और नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिसकर्मियों एवं युवाओं से सीधा संवाद करते हुए साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप और उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि आधुनिक तकनीक ने जहां लोगों का जीवन आसान बनाया है, वहीं साइबर अपराधियों को भी ठगी के नए-नए तरीके उपलब्ध कराए हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का डिजिटल रूप से जागरूक और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों के विरुद्ध सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

**पुलिस लाइन में चला सेफ क्लिक अभियान 2.0 जागरूकता अभियान**



कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई भुगतान, सोशल मीडिया, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने, डिजिटल अरेस्ट, निवेश और नौकरी के नाम पर होने वाली ऑनलाइन ठगी सहित साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी या अन्य गोपनीय विवरण किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या ऑनलाइन गतिविधि से सावधान रहें। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करे अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए, जिससे समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को कम किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं डिजिटल रूप से सजग रहें और अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जागरूक नागरिक साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों और युवाओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस अधीक्षक ने सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। संवादात्मक शैली में आयोजित इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के प्रति अधिक सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग पूरी सावधानी के साथ करें और किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में बिना देरी पुलिस को सूचना देकर जागरूक नागरिक होने का दायित्व निभाएं।

### नाली पर अतिक्रमण से भड़का ग्रामीणों का गुस्सा



**पलेरा।** जपं अंतर्गत ग्रापं बेला में नाली पर कथित अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार को खुलकर सामने आ गया। लंबे समय से जल निकासी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए नौगांव-पलेरा मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। सड़क पर प्रदर्शन के कारण कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की नाली पर अतिक्रमण होने से बरसात के दिनों में पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो जाती है। इसके चलते गांव की गलियों और घरों के आसपास 5 से 7 फुट तक पानी भर जाता है। जलभराव से गंदगी फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

### सड़क का वर्षों का इंतजार खत्म होने से लोगों ने किया विकास यादव का सम्मान समारोह

## बहुत कठिन थी डगर सड़क की, भाजपा नेता ने दिलवाई स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नगर पालिका परिषद कार्यालय के पीछे स्थित चित्रांश नगर कॉलोनी में रेलवे विभाग की कानूनी अडचनो में फंसी सड़क निर्माण को लेकर वर्षों से समस्या झेल रहे रहवासियों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। रेलवे पुल के नीचे और आसपास लंबे समय से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण पूरा होने पर कॉलोनी में खुशी का माहौल देखने को मिला। सड़क को लेकर वर्षों पुराने सपने के साकार होने पर स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता विकास यादव का नवनिर्मित सड़क पर ही शॉल, श्रीफल एवं फूलमालाओं से भावनात्मक सम्मान कर आभार व्यक्त किया। चित्रांश कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से सड़क नहीं होने के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे थे। रेलवे पुल के नीचे जलभराव, कीचड़ और नालियों का पानी जमा रहने से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। इसका सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों, किसानों, मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों पर पड़ रहा था।



**विकास यादव ने कराई कॉलोनीवासियों की कठनाई दूर**

सड़क निर्माण की कठिनाईयो को जानकर कॉलोनीवासियों ने अपनी समस्या भाजपा नेता एवं मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के पूर्व सदस्य विकास यादव को ज्ञापन देकर बताई। जिसके बाद भाजपा नेता विकास ने झांसी पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक से मुलाकात की और रेलवे सीमा में अधूरी पड़ी सड़क के निर्माण का मामला प्रमुखता से उठाया। लगातार प्रयासों के बाद रेलवे विभाग द्वारा सड़क निर्माण का कार्य पूरा कराया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली। गौरतलब है कि यह सड़क कलेक्ट्रेट के सामने झांसी रोड से चित्रांश नगर होते हुए कृषि उपज मंडी तक स्वीकृत हुई थी। पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था, लेकिन रेलवे सीमा में निर्माण पर रोक लगने से पुल के नीचे का हिस्सा अधूरा रह गया था। इसी कारण वर्षों तक लोगों को बदहाल मार्ग से गुजरना पड़ता था। सड़क बनने के बाद स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि जलभराव और कीचड़ की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। इसी ख़ुशी को जाहिर करते हुये भाजपा नेता विकास का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान भाजपा नेता विकास यादव ने कॉलोनीवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसमस्याओं का समाधान कराना ही उनका उद्देश्य है और भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र सक्सेना, लक्ष्मण सिंह परिहार, राजेंद्र पटेरिया, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, नीरज यादव, राहुल राय, जुगल महाराज, सुरेश गुप्ता, संजीव खरे, प्रभुदयाल तिवारी, मनोज खरे, मुन्नालाल रजक, अर्जुन यादव, लेखराज सिंह, जी.डी. कुशवाहा, पहाड़ सिंह, भगवान दास यादव, महेशचंद्र सोनी, भुवनेश्वर दीक्षित, दयाराम झा सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

### तकनीकी व कानूनी रूप से बहुत कठिन थी डगर सड़क निर्माण की

विशेषज्ञों के अनुसार, रेलवे भूमि पर सड़क निर्माण प्रशासनिक, तकनीकी और कानूनी दृष्टि से अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसे पूरा करने के लिए विभिन्न स्तरों पर समन्वय और आधिकारिक स्वीकृतियां आवश्यक होती हैं। रेलवे की जमीन पर सड़क बनाना आसान नहीं होता, कई विभागीय मंजूरियों की लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। रेलवे की भूमि पर सड़क निर्माण किसी सामान्य निर्माण कार्य की तरह नहीं होता। इसके लिए सबसे पहले संबंधित एजेंसी को रेलवे से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना पड़ता है, जिसकी प्रक्रिया कई महीनों, कई बार एक वर्ष या उससे अधिक समय तक चल सकती है। रेलवे अपनी भूमि पर सड़क निर्माण की अनुमति बिना औपचारिक प्रक्रिया के नहीं देता। इसके लिए लैंड लाइसेंसिंग अथवा लीज एग्रीमेंट जैसी प्रक्रियाएं पूरी करनी पड़ती हैं और निर्धारित शुल्क का भुगतान भी करना होता है। रेलवे के नियमों का पालन किए बिना निर्माण कार्य शुरू करना गैर-कानूनी माना जाता है। ऐसी स्थिति में रेलवे विभाग निर्माण कार्य तत्काल रुकवा सकता है तथा संबंधित पक्ष के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।


### बसपा ने भाजपा पर लगाए आरोपी को बचाने के आरोप, कांग्रेस दिखी मौके की तलाश में

# दौरान ए इलाज युवक की मौत से गरमा गई शहर की राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गोवा घूमकर लौटे एक युवक की दौरान ए इलाज मौत हो जाने के बाद शहर में राजनीतिक पारा उस समय हाई हो गया, जब बसपा नेता मिश्रालाल बैरवा ने उक्त मौत के मामले में भाजपा जिला अध्यक्ष पर आरोपियों को बचाने के लिए राजनीतिक पद का दुरूपयोग करने के आरोप सोशल मीडिया पर लगा दिए। अपने उपर लगे इस आरोप से खिन्न भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने भी सोशल मीडिया का जवाब सोशल मीडिया से देते हुए आग में घी डालने का काम कर दिया।उधर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी इस मुद्दे को अपने राजनीतिक लाभ के लिए झेलने के इंतजार में दिखाई दी।

दरअसल ओम प्रकाश अकोदिया नामक युवक की मौत बुधवार की शाम को जिला अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद कोटा ले जाते समय रास्ते में हो गई। इस मामले को लेकर गुरूवार को बहुजन समाज पार्टी के नेताओं के साथ-साथ भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने भी कोतवाली पहुंचकर युवक की मौत में लापरवाही होने के आरोप एक मेडिकल संचालक पर मढ़ते हुए मेडिकल को सील करने और मेडिकल संचालक पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। कोतवाली टीआई ने आवेदन लेने के बाद जांच उपरांत कार्रवाई का आश्वासन दे दिया यहां तक तो सब ठीक था लेकिन बाद में हुई मर्ग कायमी पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मिश्रा लाल बैरवा ने सीधे भाजपा जिला अध्यक्ष पर यह आरोप लगाते हुए सोशल मिडिया पर पोस्ट डाल दी कि ₹ खबर ऐसी मिल रही है की भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा श्याम मेडिकल के संचालक को बचाने के लिए कोतवाली टीआई को सेटलमेट किया गया जिस कारण मृत व्यक्ति के परिजनों द्वारा कराई गई मर्ग कायमी में टीआई द्वारा कम्प्यूटर मुंशी से काटछाट कराई₹। इसके बाद मिश्रा लाल बैरवा ने एक पोस्ट और सोशल मिडिया पर डाली जिसमें लिखा कि ₹मामला तो रात को ही जम गया सुरेंद्र सिंह जाट, ब्रजराज सिंह चौहान, दुर्गा लाल विजय, नीरज जाट फॉर्मेलिटी पूरी करने आए थे। मिश्रा लाल यही नहीं रुके और वह लगातार पोस्ट डालकर युवक की मौत पर भाजपा नेताओं द्वारा राजनीति करने का आरोप लगाते रहे इस मामले में वह सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी भी सोशल मिडिया पर दे चुके थे इस बदनामी के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने भी सोशल मीडिया का जवाब सोशल मीडिया पर यह लिखते हुए दिया कि ₹आज जो घटना घटित हुई है उस पर कुछ राजनीतिक लोग बिना सबूत के मेरे ऊपर जो अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं उनसे कहना चाहता हूं मैं इस प्रकार की कोई राजनीति नहीं करता अगर कोई दोषी व्यक्ति है तो जांच आने के बाद सभी दोषियों पर कार्रवाई भी होनी चाहिए पर बिना सबूत के मेरी राजनीतिक छवि खराब करने के लिए इस प्रकार के आरोप लगाया जा रहा है जो ठीक नहीं है₹। उधर कांग्रेस की ओर से जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने भी सोशल मीडिया पर चुटकी लेते हुए लिखा कि ₹बड़ी गजब की बात है बैरवा समाज का एक होनहार लड़का चला गया उसकी राख अभी ठंडी भी नहीं हुई है और हमारे राजनीतिक नेता अपने नेताओं को डिपेंड करने लगे हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष की यह पोस्ट बैरवा समाज के उन युवा कार्यकर्ताओं के लिए मानी जा रही है जो भाजपा जिलाध्यक्ष के समर्थन में सोशल मीडिया पर कमेंट कर रहे थे कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने ऐसे कार्यकर्ताओ को सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट में आडे हाथों लेते हुए कमेंट भी किया


मिश्रालाल बैरवा
8h ·
खबर ऐसी मिल रही है कि
भाजपा जिलाध्यक्ष के द्वारा श्याम मेडिकल के संचालक को बचाने के लिए कोतवाली TI को सेटलमेंट किया गया
जिस कारण मृत व्यक्ति के परिजनों द्वारा कराई गईं मृग की कायमी मे TI द्वारा कम्प्यूटर मुंशी से कांट छांट कराई... more

Shashank Bhusan
18h ·
आज जो घटना घटित हुई है उसे पर कुछ राजनीतिक लोग बिना सबूत के मेरे ऊपर जो अनर्गल का आरोप लगाए जा रहे हैं उनसे कहना चाहता हूं मैं इस प्रकार की कोई राजनीति नहीं करता अगर कोई दोषी व्यक्ति है तो जांच आने के बाद सभी दोषियों पर कार्यवाही भी होनी चाहिए पर बिना सबूत के मेरे राजनीतिक छवि खराब करने के लिए इस प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं तो ठीक नहीं है

### मेडिकल संचालक और मृतक दोस्त थे

सोशल मीडिया पर एक फोटो भी खूब वायरल हो रहा है जिसमें मृतक और मेडिकल संचालक जिस पर लापरवाही पूर्वक इलाज करने का आरोप लगाते हुए युवक की जान लेना बताया जा रहा है। उक्त फोटो में दोनों युवक कहीं घूमते दिखाई पड़ रहे हैं। किसान नेता अनिल जाट में भी उक्त फोटो को सोशल मिडिया पर लंबी चोडी पोस्ट डालते हुए मामले की उस तह तक पहुंचने की अपील की है जिसमें मेडिकल संचालक पर इलाज करने का आरोप लगाया है। हालांकि मेडिकल संचालक इलाज करने से मना ही कर रहा है और प्रत्यक्षदर्शी की माने तो मृतक मौत से पहले 6 घंटे तक जिला अस्पताल में भर्ती रहा ऐसी स्थिति में मेडिकल संचालक पर लगाए जाने वाले आरोप पर भी प्रश्नचिन्ह उठ रहे हैं लेकिन यह सब जांच का विषय है कि क्या मेडिकल संचालक ने मृतक का इलाज किया था अगर किया था तो क्या उसे इलाज करने के अधिकार प्राप्त थे या नहीं थे?बताना होगा कि मृतक और मेडिकल संचालक आपस में दोस्त है और दोनो एक साथ गोवा घूमने के लिए गए थे।

### इनका कहनाक है..

मेने हमेशा स्वस्थ राजनीति की है कुछ लोग सस्ती राजनीतिक लोकप्रियता पाने के लिए हर किसी पर अनर्गल आरोप लगा देते हैं जो ठीक नहीं है जहां तक घटना की बात है तो जांच पुलिस द्वारा की जा रही है जांच में जो भी दोषी हो उसे सजा मिलनी चाहिए हम इसके समर्थन में हैं लेकिन हर घटना को राजनीतिक लाभ के चश्मे से देखा जाना भी ठीक नहीं है।

**शशांक भूषण**
**भाजपा जिलाध्यक्ष श्योपुर**

संदिग्ध मामलों में पीएम रिपोर्ट आने और मर्ग जांच के बाद ही एफआईआर दर्ज होती है। अभी ओमप्रकाश मौत मामले की पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने और जांच के बाद ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कमलेन्द्र सिंह**
**प्रभारी कोतवाली टीआई श्योपुर**

### नपा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा,नगर मंडल की बैठक आयोजित

# प्रत्येक बूथ पर मजबूत होगा संगठन तो चुनाव में भाजपा की जीत होगी सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पार्टी का मूल मंत्र शक्त बूथ, विजयी चुनाव है। यदि हर बूथ पर संगठन मजबूत होगा तो नगर पालिका और विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा की विजय सुनिश्चित होगी। श्योपुर विधानसभा सीट की जीत का मार्ग श्योपुर नगर से होकर ही जाता है, इसलिए नगर के प्रत्येक बूथ को सशक्त, सक्रिय एवं संगठित बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

यह बात वक्ताओ ने शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित भाजपा नगर मंडल कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कही। नगर पालिका चुनाव और विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में आयोजित भाजपा नगर मंडल की इस बैठक में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट, नगर अध्यक्ष संजय मंगल, जिला उपाध्यक्ष महावीर मित्तल विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में आगामी नगर पालिका एवं विधानसभा चुनावों की तैयारियों के साथ-साथ शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथही कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर अधिक सक्रियता, जनसंपर्क बढ़ाने, संगठन को मजबूत करने तथा डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का आह्वान किया गया। साथ ही आगामी चुनावों को लक्ष्य बनाकर प्रत्येक कार्यकर्ता से पूर्ण समर्पण एवं मेहनत के साथ कार्य करने का आग्रह किया गया। बैठक में जिला मंत्री नरेंद्र मीणा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज सोनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा कुलश्रेष्ठ, जिला कोषाध्यक्ष सुमित सिंघल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अकरम खान सहित अन्य कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खाद का ई-टोकन किसानों को परेशान करने का एक नया सरकारी नवाचार : जंडेल

### किसान कांग्रेस ने घेरा कलेक्ट्रेट राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




खाद वितरण व्यवस्था में लागू किया गया ई-टोकन किसानों को परेशान करने का सरकारी नवाचार है। इस नवाचार से खाद वितरण करने वाली एजेंसी तो फीलगुड महसूस कर रही है लेकिन किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। अगर खाद वितरण व्यवस्था में ई-टोकन व्यवस्था समाप्त नहीं की गई तो किसानों को महंगे दाम में खाद खरीदना पड़ेगा खाद की कालाबाजारी रोकना असंभव हो जायगा। यह बात शुक्रवार को विधायक बाबू जंडेल ने किसान कांग्रेस द्वारा किसानों से जुडी विभिन्न समस्याओ को लेकर राजयपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम सौपे ज्ञापन प्रदर्शन के दौरान एडीएम रुपेश उपाध्याय से कही।

कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से किसानों के लिए समय पर खाद उपलब्ध कराने, नियमित विद्युत आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था, फसल नुकसान से राहत, खेत सड़क योजना एवं अन्य कृषि संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

इस मौके पर विधायक सहित पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत मीणा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामभरत मीणा, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, रितेश तोमर, हंसराज मीणा, रामचरण जैनी, प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस इंसाफ खान, हरिओम जाटव बड़ौदा, रामकुमार उमरेया, जिला महासचिव अरविन्द जाट, गुरविन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्षगण सुरेश रावत ननावद, राममिलन रावत सोई, मुरारी प्रजापति बड़ौदा, दीपक राजावत , महेश गुर्जर कराहल, आवदा दुलीचंद मीणा, सुमेर सिंह पार्षद, देशराज चौहान, कृष्णा राठौर, शमीम खान, अनीता जागा, गुड्डी बाई, नम्रता, मण्डल अध्यक्ष इस्माइल खान बड़ौदा, राहुल मीणा जनपद सदस्य, बालमुकुंद मीणा बद्री सुमन, हनुमान मीणा अभिषेक मीणा नीरज चौहान विनोद बाज्जुला, रमन शर्मा आदि मौजूद रहे।




### श्री हजारेश्वर पार्क में पीएमयूएम शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

श्योपुर। पीएमयूएम शिक्षक संघ की एक बैठक श्री हज़ारेश्वर पार्क में आयोजित हुई। जिसमें संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में स्वर्गीय शिक्षक मुकेश कुमार दादोरिया के परिवार के लिए सहयोग निधि देने का निर्णय लिया गया। संगठन के जिला प्रभारी श्योपुर भूपेन्द्र कुमार तिवाड़ी ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत हर पंजीकृत सदस्य प्रति दिवंगत कर्मचारी मात्र 45 से 50 की न्यूनतम राशि सीधे संबंधित नॉमिनी के बैंक खाते में ऑनलाइन जमा करता है। इस प्रकार प्रत्येक परिवार को लगभग 26 से 27 लाख तक का सहयोग प्राप्त हो जाता है। सहयोग अभियान प्रत्येक माह 5 से 20 तारीख के मध्य संचालित किया जाता है तथा संपूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी है। संगठन की वेबसाइट के माध्यम से शिक्षा एवं ट्राइबल विभाग का कोई भी कर्मचारी निःशुल्क पंजीयन करा सकता है। जून 2026 में संगठन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए चार दिवंगत कर्मचारी परिवारों को लगभग 1 करोड़ 9 लाख का सहयोग प्रदान की है। इस माह पंजीकृत सदस्यों द्वारा कुल 180 प्रति सदस्य का सहयोग कर चारों परिवारों को लगभग 27-27 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इस सहयोग के साथ शिक्षक संगठन ने मध्यप्रदेश में कर्मचारी कल्याण एवं पारस्परिक सहयोग का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बैठक में आनंदपाल चौधरी (उपाध्यक्ष चंबल संभाग ), ब्रह्मानंद सिंह चौधरी (कोषाध्यक्ष), दिगराज सिंह चारण (जिला संगठन मंत्री), सूरज सिंह सिकरवार (जिला सोशल मीडिया प्रभारी), डॉ सुनील कुमार, सुशील चंद्रा, दिनेश कुमार शर्मा (संकुल प्रभारी पांडोला) आदि मौजूद रहे ।

# लंबित मांगों को लेकर प्राध्यापकों ने सीएम के नाम कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर एवं शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगो को लेकर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया और सीएम के नाम एक ज्ञापन सौपा गया। सीएम के नाम कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा को सौपे गए ज्ञापन में उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, ग्रथंपालों एवं क्रीड़ा अधिकारियों की वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करने, वर्ष 2004-05 के बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों तथा 2009, 2011 व 2019 में नियमितीकरण से वचिंत शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें शीघ्र कॅरियर एडवांसमेंट का लाभ देने, योग्यता अर्जित करने के लिए वर्ष 2028 तक का अवसर देने, क्रीड़ा अधिकारियों व ग्रथंपालों को सहायक प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक व प्राध्यापक पदनाम देने, सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाकर 65 वर्ष करने,यूजीसी के प्रावधान अनुसार पे-मेंट्रिक्स 14 का लाभ देने, विगत 10 वर्षों से लबिंत सामान्य प्रशासन विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने संबंधी मांग प्रमुखता से उठाई गई। ज्ञापन में मांगो का निराकरण न किए जाने पर आगे उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के चम्बल संभाग अध्यक्ष डॉ. लोकेन्द्र सिहं जाट, श्योपुर जिलाध्यक्ष प्रो. अजीत सिहं , सचिव डॉ. गुमान सिहं, डॉ सीमा चैकसे, डॉ कारण सैनी, डॉ धर्मेंद्र शाक्य, डॉ भूपेंद्र हरदेनिया, प्रो वेदांकि,डॉ योगेश बाथम सहित अन्य कई प्राध्यापक मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा, भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ (इंडक्शन) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं एवं गतिविधियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का प्रारंभ नवप्रवेशित विद्यार्थियों के कुमकुम से तिलक कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा ने की। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित अध्ययन तथा व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। साथ ही कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी प्रो अरविंद दोहरे ने एनसीसी के माध्यम से नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रवेश प्रभारी एवं एंटी रैगिंग प्रभारी.डॉ लोकेन्द्र सिंह जाट ने प्रवेश प्रक्रिया एवं रैगिंग के विरुद्ध की जा सकने वाली कार्यवाही एवं महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी दी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा चौकसे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, अध्यादेश 14(1)ल, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, बहुविषयक शिक्षा तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध नवीन अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इसी क्रम में डॉ. अजीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. भूपेन्द्र हरदेनिया ने रेडक्रॉस की गतिविधियों, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक सेवा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. गिरीजेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच एवं व्यक्तित्व विकास के संबंध में प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न सुविधाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं, पुस्तकालय, खेलकूद, एनसीसी, रेडक्रॉस, ईको क्लब तथा अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी भी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का समापन नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

### लोक निर्माण विभाग ने शासन को तैयार कर भेजी डीपीआर

# अब बारिश में बंद नहीं होगा रास्ता, 18 करोड़ से बनेगी डाबली झरेर सड़क, तीन पुल भी बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बारिश के दौरान डाबली से झरेर जाने वाला रास्ता अब बंद नहीं होगा। क्योंकि अब डाबली से झरेर तक 18 करोड रूपए की लागत से 6 किलोमीटर पक्की सडक बनाई जाएगी। खास बात यह है कि 6 किलोमीटर लंबी बनने वाली इस सडक के बीच तीन पुल भी बनाए जाएंगे। यह तीनो पुल इस मार्ग पर पडने वाली नदियों पर बनेगे।इस सडक का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाएगा। इसलिए लोक निर्माण विभाग ने इस सडक की डीपीआर तैयार करके उसे स्वीकृति के लिए शासन की ओर भेज दिया गया है।

आदिवासी विकासखंड कराहल के अंतर्गत आना वाला डाबली गांव घनघोर जंगल में स्थित है और डाबली गांव से झरेर की दूरी करीब छह किलोमीटर है। मगर डाबली से झरेर के लिए वर्तमान में जो रास्ता जाता है,वह पूरी तरह से कच्चा होकर पगडंडी नुमा है। जिससे होकर गुजरना लोगो का काफी परेशानी भरा बना हुआ है। डाबली और झरेर के बीच तीन नदिया भी बहती है। हालांकि यह तीनो नदिया बरसाती नदी कही जाती है,लेकिन बारिश के दौरान इन नदियों में इतना अधिक उफान आ जाता है कि डाबली झरेर का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। जिससे लोगो को परेशानी उठानी पडती है। विशेष बात यह है कि पिछले साल क्षेत्रीय लोगों की मांग पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उस समय इस सडक का निर्माण कराए जाने की घोषणा कर गए,जब वे कराहल क्षेत्र के दौरे पर आए थे। सीएम की घोषणा के बाद सक्रिय हुए लोक निर्माण विभाग ने डाबली से झरेर तक सडक बनाए जाने की डीपीआर तैयार करके उसे स्वीकृति के लिए शासन की ओर से भेज दिया है। उम्मीद की जा रही है कि इस सडक को जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी और बारिश के बाद इस सडक का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा।



### 3.75 मीटर चौडी बनेगी सडक, तीनों नदियो पर पुल भी बनेगे

विभागीय सूत्रों की माने तो लोक निर्माण विभाग के द्वारा डाबली से झरेर तक बनने वाली छह किलोमीटर लंबी सडक बनाए जाने संबंधी जो डीपीआर तैयार करके शासन को भेजी गई है,उसके मुताबिक यह सडक 18 करोड रूपए की लागत से बनाई जाएगी। जो कि 3.75 मीटर चैडी बनाई जाएगी। यही नहीं,इस मार्ग पर जो तीन नदिया पडती है,उन तीनो नदियो पर बडे पुल भी बनाए जाएंगे। बता दें कि डाबली और झरेर के बीच में खानवाली नदी, बेरघटा तथा झरेर वाली नदी के नाम से तीन नदिया पडती है। बारिश के दौरान इन नदियों को पार करते समय कुछ लोगो की बह जाने के कारण मौत भी हो चुकी है। लेकिन पुल बन जाने से लोगों के बहकर मृत होने जैसी दुखद घटनाएं भी रूक जाएगी।

### इन सडकों की बनाई जा रही डीपीआर

बजट में शामिल की गई श्योपुर जिले की पांच सडकों की डीपीआर भी लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई जा रही है। इन पांच सडकों में श्योपुर सलापुरा से नहर नागदा तक बनने वाली छह किलोमीटर सडक, कूनो नेशनल पार्क के टिकटौली गेट तक टू लेन सडक, जावदेश्वर से मेवाडा, सोंठवा से रन्नौद, चंबल नहर सामाखाड से नयागांव बावडीचापा सडक शामिल है। इन पांच सडकों में तो दो सडके तो काफी महत्वपूर्ण सडक है। जिनमें श्योपुर सलापुरा नहर से नागदा तक बनने वाली सडक तथा मोरावन होते हुए टिकटौली गेट तक बनने वाली सडक शामिल है। श्योपुर सलापुरा नहर से नागदा तक बनने वाली सडक से जहां आधा दर्जन से ज्यादा गांवों का सफर सुगम होगा, वहीं कूनो नेशनल पार्क में चीतो का दीदार करने के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों का इस पार्क के टिकटौली गेट तक पहुंचना भी सुविधाजनक हो जाएगा।

### इनका कहना है...

डाबली से झरेर तक बनने वाली सडक की डीपीआर बनकर शासन की ओर चली गई है। वहीं पांच अन्य सडकों की डीपीआर बनाई जा रही है। जिन्हें भी जल्द ही शासन की ओर भेज दिया जाएगा।

**अनिल पटेल**
प्रभारी,ईई, लोक निर्माण विभाग,श्योपुर

# आस्था से जुड़े संस्थान की जानकारी उजागर हो : फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




श्री राम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े चंदा और वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में सार्वजनिक हुए आरोप करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े हैं कांग्रेस का मानना है कि आस्था से जुड़े किसी भी संस्थान में वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होना आवश्यक है ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास बना रहे। यह बात कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। कांग्रेसियों ने युवाओं के भविष्य, किसानों के संकट, उज्जैन भूमि प्रकरण और भ्रष्टाचार के सवालों पर चलाए जा रहे प्रदेश व्यापारी आंदोलन के तहत पत्रकार वार्ता आयोजित की जिसमें अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में हुई करोड़ों रुपए की चोरी पर भी कांग्रेस मुखर दिखाई दी साथ ही मुख्यमंत्री पर भी भूमि घोटाला को लेकर आरोप लगाए। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, दिनेश सिंह सिकरवार, रितेश सिंह तोमर, पार्षद सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सर्प दंश से किशोरी की मौत हुई

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मल्हारगढ़ निवासी आरती पुत्री विजय सिंह पाल उम्र 16 को अपने ही घर में सर्प ने डस लिया था, जिसके बाद उसे मुंगावली अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात चोर बाइक चुरा ले गए, केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत बांकलपुर निवासी राजकुमार लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चंदेरी-ईसागढ रोड पर डग्गी राजा के फार्म हाउस के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 जेएफ 4941 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कजराई निवासी गोलू खंगार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कमल सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी ने राजा कलावत रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र आदिवासी व उसकी बुआ का लड़का, उसकी चाची ममता आदिवासी और मुन्नाबाई आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामौरा निवासी महेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेन्द्र, यशपाल, भूरा, मोहन यादव,राजकुमार यादव, गोलू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से यशपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि महेन्द्र कृष्णभान, रविन्द्र, और उदयभान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहाबाद निवासी भू देव पटेरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय कटारिया ने उससे मारपीट की और उसका मोबाइल फोड़ दिया।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पीपरी निवासी भगवान लाल कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविन्द कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मालाखेडी निवासी भागीरथ केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी खिलन, लालाराम और विनोद केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से खिलन केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भागीरथ और चन्द्रभान केवट ने उससे मारपीट की।

### लिनेश क्लब ने नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया

**अशोकनगर।** कहते हैं कि भगवान हर कहीं तो नहीं पहुंच सकता तो भगवान ने डॉक्टर बनाया , डॉक्टर भी भगवान का ही एक रूप माना जाता है, डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करता है, डॉक्टर को भगवान का रूप मानने वाले हमारे भारत देश में डॉक्टर को सम्मानित करने के उद्देश्य से 1 जुलाई को डॉक्टर डे मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में हमारे अशोकनगर के प्रसिद्ध चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर संतोष रघुवंशी को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, डॉ रजनी शुक्ला, क्लब के अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिन रश्मि अग्रवाल ,गीता बंसल गंगा रघुवंशी अंजना दुबे वंदना चैधरी सीमा बत्रा कुसुम अरोरा प्रीति बंसल रश्मि जैन रानी नामदेव सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रही।

### छात्रावासों को निजी हाथों में देना खतरनाक कदम

**अशोकनगर।** डीएसओ प्रदेश सरकार द्वारा आदिम जाति कल्याण एवं जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित लगभग 4 हजार छात्रावासों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कड़ी निंदा करता है। इस संदर्भ में डीएसओ मध्यप्रदेश राज्य परिषद सचिव नारायण सिंह चंदेल ने बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार छात्रावासों में सरकारी अधीक्षकों की जगह आउटसोर्स प्रबंधन लागू करने की योजना बना रही है। यह फैसला शिक्षा व्यवस्था के बढ़ते निजीकरण की दिशा में एक और खतरनाक कदम है।

## मालगाड़ी के चालक ने स्टेशन मास्टर को दी सूचना, देहात पुलिस मौके पर पहुंची

# रेल पटरियों पर महिला और युवक के मिले शव, पुलिस जांच में जुटी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**






बीना गुना रेल खण्ड के हिनोतिया पीपलखेडा रेलवे स्टेशन के समीप, एक युवक और महिला का शव रेल पटरियों पर मिला है। दोनो के सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है। देहात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव समेटे और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। अभी तक यह पता नहीं चला है कि मृतक कौन हैं कहां से आए थे। जिले में सभी थानों में गुमसुदगी की तलाश की जा रही है, कहीं कोई मामला दर्ज तो नहीं हैं। घटना की कहानी यह है कि 1 और 2 जुलाई की रात 2 बजे जब एक मालवाहक ट्रेन पटरियों से गुजर रही थी उसी दौरान यह महिला और युवक ट्रेन के सामने आ गए, जिसे रौंदते हुए ट्रेन निकल गई। मालगाडी के चालक ने घटना की सूचना पिपरई स्टेशन मास्टर को दी, वहां से देहात थाना प्रभारी को सूचना भेजी गई, जिसके बाद देहात पुलिस मौके पर पहुंची।

### महिला और युवक के दोनों के हाथों में टैटू बने हैं

देहात थाना प्रभारी के अनुसार दोनों ही महिला और युवक के सिर कटे हुए हैं, जिससे उनकी पहचान नहीं हो पा रही है महिला की उम्र लगभग 28 और युवक की 25 साल के आसपास है। दोनों के शरीर पर टैटू बने हुए हैं जिसमें युवक के हाथ पर पुष्पा के साथ जगपाल नजर आ रहा है, जो धुंधला दिखाई दे रहा है, जबकि महिला की गर्दन के नीचे जगपाल और बरखा लिखा हुआ है। अभी तक यह पता नहीं चला है कि यह दोनों आपस में कौन हैं कहां के रहने वाले हैं। फिलहाल पुलिस ने इन दोनों के शवों को स्थानीय पोस्ट मार्टम कक्ष में रखवा दिया है।



### पुलिस दोनों शवों की शिनाख्त के प्रयास में जुटी

पुलिस अभी तक यह समझ नहीं पा रही है कि यह पति पत्नी है या फिर कोई और कहानी है, लेकिन इतना तो समझ में आ ही रहा है कि अगर वह पति पत्नी होते तो अभी तक किसी न किसी के घर से उनके गायब होने की खबर आ जाती है, लेकिन अभी तक इस तरह की कोई खबर पुलिस के पास नही है। पुलिस इस बात का प्रयास कर रही है कि वह कहां के रहने वाले हैं और वह यहां कैसे पहुंचे, इस घटना का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। अशोकनगर जिले के साथ पड़ौसी जिलों में भी इस तरह की सूचना भेजी गई है। पुलिस तहकीकात में जुटी है।

### मौत का मामला जांच के दायरे में

ज्ञात हो कि पिछले दिनों अशोकनगर में एक ऐसा आत्म हत्या का काण्ड हुआ था जिसमें युवक और युवती दोनों हमउम्र होने के बाद उन्होंने आत्म हत्या कर ली थी ऐसा पुलिस मानती है। लेकिन अभी मामले में एसआईटी गठित की गई है जो किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है, यह मामला आत्म हत्या का है या फिर हत्या का है यह सब पूरे मामले की जांच कर रही है, नतीजा जांच के बाद ही सामने आएगा, पुलिस यह भी जानने का प्रयास कर रही है जो सुसाइड नोट युवक द्वारा लिखा गया था क्या वह उसी की हैंड राइटिंग में है, इसे भी जानने का प्रयास कर रही है, साथ में अन्य पहेलुओं को भी जाना जा रहा है।

## नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा

# विद्यार्थी परिषद ने नगर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विषयों पर आयोजित बौद्धिक एवं संगठनात्मक सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, व्यक्तित्व विकास, छात्र नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण एवं विद्यार्थी परिषद की विचारधारा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। शिविर के समापन सत्र में सत्र 2026-27 की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें रामस्वरूप नामदेव को नगर अध्यक्ष एवं भूपेंद्र ओझा को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। घोषित कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष रामस्वरूप नामदेव,नगर उपाध्यक्ष अंजू यादव, नगर मंत्री भूपेंद्र ओझा, नगर सह मंत्री पृथ्वी सोनी, शिवकांत शर्मा एवं लक्ष्मी सहरिया, नगर कार्यालय मंत्री गिर्राज शर्मा, नगर प्रमुख सूर्यांश शर्मा, नगर सह प्रमुख यशवर्धन योगी एवं कान्हा रघुवंशी, नगर प्रमुख कुणाल रघुवंशी, नगर सह प्रमुख प्रभात चंदेल एवं लकी नामदेव, नगर कला मंच प्रमुख रजनी अहिरवार, नगर कला मंच सह प्रमुख मुस्कान कुशवाहा, नगर खेल प्रमुख हर्ष शर्मा, नगर महाविद्यालय प्रमुख विपिन अहिरवार, नगर महाविद्यालय सह प्रमुख नैतिक जैन एवं हिमांशु चैधरी, नगर विद्यालय प्रमुख सुमित रघुवंशी, नगर सह विद्यालय प्रमुख यश सोनी, नगर सोशल मीडिया संयोजक भविष्य जी तथा नगर कार्यकारिणी सदस्य यश रघुवंशी, सुखबीर संधू, नमन यादव, गौरव मोदी एवं विनय यादव को विभिन्न दायित्व प्रदान किए गए। शिविर में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री सतेन्द्र सिंह सिकरवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक कार्यपद्धति, दायित्वबोध एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# देवर्ची गांव के स्कूल में किया युवक ने जमकर घंटों हंगामा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

मंगलबार सुबह 11.30 बजे देवर्ची गांव के स्कूल में सुमित यादव पहुंचा, यहां एकमात्र ही शिक्षिका इस प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ थी, जहां उसने क्लास रूम में घुसकर जमकर हंगामा मचाया। जिसे देखकर स्कूल के बच्चे डर गए,जिसके बाद शिक्षिका द्वारा सेहराई थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

सेहराई थाना क्षेत्र में शासकीय स्कूल की एक शिक्षिका के साथ स्कूल में ही गांव की युवक ने बदसलूकी कर दी। स्कूल पहुंचे युवक ने पहले तो गाली-गलौच की इसके बाद युवती के साथ मारपीट की. युवक की हरकत को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर शिक्षिका ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। इस घटना के बाद जिलेभर के शिक्षकों और अभिभावकों में नाराजगी देखने मिल रही है. मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### स्कूल पहुंचे युवक ने महिला शिक्षिका से की अभद्रता

दरअसल मामला अशोकनगर के सहराई कस्बे का बताया जा रहा है। जहां प्राथमिक स्कूल देवर्ची में एक शिक्षिका के साथ उस समय घटना घटित हुई, जब वह अपनी क्लास में बच्चों को पढ़ा रही थी। तभी गांव का ही एक युवक स्कूल में आ धमका और उसने पहले तो क्लासरूम में बच्चों के ही सामने महिला टीचर को अश्लील गालियां दी. फिर कुर्सी को पहले तो क्लासरूम में ही तोड़ा, इसके बाद जब से शिक्षिका ने कुर्सी तोड़ने का का पूछा तो युवक गुस्से से लाल हो गया। स्कूल में अतिथि शिक्षक के तौर पर पदस्थ था, लेकिन महिला शिक्षक के परमानेंट आने से उसे नौकरी से हटा दिया गया. जिसको लेकर युवक अपनी भड़ास निकालने स्कूल पहुंचा था।



# स्वास्थ्य सेवा के प्रति समर्पण को मिला सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

समाज में स्वास्थ्य सेवाओं को समर्पित भाव से निभाने वाले चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले डॉक्टरों में डॉ.डीके जैन और डॉ.सुगनचंद जैन का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर परिषद की ओर से राजेन्द्र जैन राजा और राजेश पालीवाल द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन की रक्षा कर समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण कार्य सदैव प्रेरणादायी रहा है। सम्मानित चिकित्सकों ने इस सम्मान के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनसेवा के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## 5 डॉक्टरों के नाम पर विचार होना था 4 ने असहमति जताई

# डॉ. बीएल टैगोर अशोकनगर जिला अस्पताल के नए सिविल सर्जन बने

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



जिला अस्पताल अशोकनगर के सिविल सर्जन डॉ. भूपेन्द्र शेखावत का स्थानांतरण अशोकनगर से इन्दौर हो गया है, उनके स्थान पर शासन ने अभी किसी नए सिविल सर्जन की पदस्थापना नहीं की है। इस कमी को पूरा करने के लिए अशोकनगर स्वास्थ्य विभाग से आयुक्त चिकित्सा विभाग भोपाल को सीएमओं के पद पर प्रभार प्रदान करने के लिए पत्र भेजा गया था, जिसके बाद डॉ. बीएल टैगोर को जिला अस्पताल का नया सिविल सर्जन बनाया गया है।

जिला अस्पताल अशोकनगर की ओर से जिन 5 डॉक्टरों के नाम भेजे गए थे उनमें डॉ.देवेश भार्गव, डॉ. राजकुमार जैतवार, डॉ. मुकेश गोलिया, डॉ. बीएल टैगोर, डॉ. संतोषं सह रघुवंशी के नाम शामिल थे, जिनमें 4 डॉक्टरों ने पारिवारिक कारणों से असहमति जताई थी, जिसके बाद डॉ. बीएल टैगोर को नया सिविल सर्जन बनाया गया है। अशोकनगर जिला अस्पताल के वह 26वें सिविल सर्जन होगें। अशोकनगर में सिविल सर्जन की पदस्थापना 2005 में हुई थी, जिला 2003 में बना था, उसके बाद अब तक 25 डॉक्टर सिविल सर्जन के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। सबसे पहले सिविल सर्जन डॉ. आरके गोयल थे, जिसके बाद डॉ. डीके भार्गव को दो बार, डॉ. डीके जैन को एक बार, डॉ. केके चतुर्वेदी को दो बार, डॉ. एसएस छारी को तीन बार और डॉ जेआर त्रिवेदिया को दो बार व डॉ. नटवर सिंह को दो बार डॉ, ओपी गुप्ता को दो बार सिविल सर्जन बनने का मौका मिला। अब डॉ. बीएल टैगोर सिविल सर्जन के साथ आरएमओ और अस्पताल के मैनेजर भी रहेगें, 3 पदों को एक साथ देखने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है।




# श्रुत पंचमी शाश्वत पर्व पर जिनवाणी मां की भव्य शोभायात्रा




**अशोकनगर।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद राजुल संभाग द्वितीय शाखा अशोकनगर द्वारा श्रुत पंचमी के शाश्वत पर्व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद की सदस्यों ने सामूहिक रूप से जीर्ण-शीर्ण जिनवाणी को सुसज्जित किया और अलमारी में व्यवस्थित जमाया। इसके पश्चात श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

शोभायात्रा में बच्चों ने इंद्र-इन्द्राणी का मनमोहक रूप धारण किया। मंदिर परिसर में मां जिनवाणी के प्रति सम्मान एवं आदर भाव रखते हुए सामूहिक जिनवाणी स्तुति गान किया। इस अवसर पर शास्त्र सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिखा जैन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सहयोग देने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान कर सम्मान किया गया। आचार्य भगवंतों ने श्रुत परंपरा को लिपिबद्ध कर मानव समाज पर महान उपकार किया है। जिनवाणी के माध्यम से ही हमें जिन धर्म का वास्तविक स्वरूप ज्ञात होता हैं तथा जीवन को सही आचरण और ज्ञानमय बनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को रुचि बंसल, शिखा जैन, आदि सदस्यों के सहयोग द्वारा सफल किया गया।

# महिला विकास समिति ने बच्चों को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर डे पर पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा पंजाबी समाज के ही होनहार डॉ बच्चों को सम्मानित किया। जिसमे दंत चिकित्सक डॉ केतन अरोरा एवं डॉ स्पर्श जुनेजा उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य से समन्धित समस्याओं का भी निराकरण किया। समाज के ही अन्य डॉ गौरव सडाना एनी सचदेवा अवि सचदेवा पूर्वी तनेजा आदि भी सम्मान की पात्र है इस मौके पर अध्यक्ष मीता सदाना सेक्रटरी रोशनी गेरा कोषाध्यक्ष सोनिया पूर्व अध्यक्ष गायत्री अरोरा, छाबरा डारेक्टर मंजू सदाना, डिंपल सदाना,सुनीता छाबरा ,सीमा बत्रा, मेंबर्स पूनम टक्कर कुसुम अरोरा, अंजू अरोरा, मधु वासुदेव, छाबरा, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर किया स्वागत

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया प्रवेशोत्सव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना**




शासकीय गर्ल्स कॉलेज में प्रवेश उत्सव के तृतीय दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं तथा अनुशासन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से सदैव सजग, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

इसके पश्चात प्रकाश चन्द्र ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को नियमित अध्ययन, समय के सदुपयोग तथा व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करते हुए कॉलेज जीवन को सीखने और स्वयं को निखारने का स्वर्णिम अवसर बताया।

तत्पश्चात मृणालिनी मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सीखने के अवसर केवल कक्षा तक सीमित नहीं होते, बल्कि हमें अपने आसपास के वातावरण से भी निरंतर सीखते रहना चाहिए। सत्यम सिंह कुर्मी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अभी से अपने जीवन का एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसकी तैयारी प्रारंभ कर देनी चाहिए। उन्होंने अगले तीन से पांच वर्षों का सदुपयोग करते हुए निरंतर अध्ययन, आत्मविकास एवं कौशल वृद्धि पर विशेष बल दिया।

डॉ. आशीष गुप्ता ने प्रेरणादायक प्रसंगों एवं शायरी के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात मनीष प्रजापति ने सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग, उसके लाभ एवं सावधानियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। दिनेश राय ने छात्राओं को कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों, उपलब्ध अवसरों एवं संसाधनों से अवगत कराते हुए उन्हें उच्च शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित छात्राओं ने भी प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए तथा कॉलेज के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोगपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार की सराहना की।

# विधि कॉलेज में हुआ दीक्षारंभ का आयोजन

**बीना।** शासकीय विधि महाविद्यालय में राज्य शासन के निर्देशानुसार दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें कॉलेज प्राचार्य गौरव रावत ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं, शासन की योजनाओं, शिक्षक विद्यार्थी संवाद,विधि में करियर पर मार्गदर्शन प्रदान किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में मोहम्मद रफ़ीक शेख (नोडल अधिकारी विधि) ने मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जब छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होगा तभी आप अपने जीवन एवं अध्ययन में सफल होंगे। मानसिक अवसाद से बचे और अपने समस्या माता-पिता या अपने बड़ों से साझा करे। यदि किसी कारणवश मानसिक स्ट्रेस बढ़ता है तो विद्यार्थी गलत कदम उठा लेते हैं इसलिए सबसे पहले हमें अपनी समस्या को अपने माता-पिता, भाई-बहन, शिक्षक और मित्रों को जरूर बताए और सबके साथ मिल कर उसका समाधान ढूंढे। विद्यार्थियों में केवल अच्छे अंक ही उसकी काबिलियत को प्रदर्शित नहीं करते हैं। यदि अंक कम है तो आप किसी कौशल में निपुण हो सकते हैं। यदि आप असफल होते है तो लगातार मेहनत करने से आप अच्छा प्रदर्शन कर सफल भी हो सकते हैं।

आज के समय में विद्यार्थियों के साथ जो परेशानियों आ रही है वह इसलिए कि हम परिवार के साथ बैठकर अपनी बातें साझा नहीं करते हैं। केवल आभासी दुनिया को हकीकत समझने लगते है। आप सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाए, प्रतिदिन 30 मिनट व्यायाम या योग करे, पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार ले एवं पर्याप्त नींद ले। दूसरों के साथ स्वस्थ और मजबूत संबंध बनाए, जीवन में आने वाली चुनौतियां और असफलता से निपटन की अपने अंदर क्षमता विकसित करे।

**जब मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होगा तभी जीवन एवं अध्ययन में सफल होंगेः रफीक**

चंद्रभान अहिरवार सहायक प्राध्यापक विधि ने कहा कि सबसे पहले मानव का मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए तभी सभी चीजों में मन लगता है। रितु सहायक प्रा. विधि ने कहा कि अपने जीवन में कोई भी समस्या आए उसे अपने शिक्षक से साझा जरूर करें एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आबिद खान ने पढ़ाई के साथ खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।